| |
|---|
| **दिनांक 06.04.2025** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 10/2025** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बस्ती/थाना वाल्टरगंज**

- **25–25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **06 बण्डल रेलवे सिग्नल तार**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 06.04.2025 को थाना वाल्टरगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अटरा पुल के पास से 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–राहुल 2–विजय 3–साबिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 06 बण्डल रेलवे सिग्नल तार, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त राहुल के विरूद्ध जनपद बस्ती, गोण्डा व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त साबिर के विरूद्ध जनपद बस्ती, गोण्डा व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में लूट, चोरी आदि के 05 अभियोग एवं अभियुक्त विजय के विरूद्ध जनपद बस्ती, गोण्डा व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना वाल्टरगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल निवासी करेहटा ऐशबाग थाना बाजारखाला कमिश्नरेट लखनऊ।

2–विजय निवासी करेहटा ऐशबाग थाना बाजारखाला कमिश्नरेट लखनऊ।

3–साबिर निवासी करेहटा मोतीझील ऐशबाग थाना बाजारखाला कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—06 बण्डल रेलवे सिग्नल तार।

2—01 चार पहिया वाहन आदि।

**जनपद अलीगढ़/थाना खैर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 06.04.2025 को थाना खैर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर उटवारा नहर पुल के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अमान कुरैशी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खैर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खैर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अमान कुरैशी निवासी तकिया जंगलगढ़ी कस्बा व थाना खैर जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

**जनपद मेरठ/थाना परतापुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 दो पहिया वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 05/06.04.2025 को थाना परतापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पिंक बूथ के पास दो पहिया वाहन सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त नदीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 दो पहिया वाहन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना लिसाडी गेट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना परतापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नदीम निवासी समर गार्डन थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 दो पहिया वाहन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद रामपुर/थाना मिलकखानम**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 06.04.2025 को थाना मिलकखानम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर स्वार खुर्द माटखेड़ा रोड़ आम के बाग के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त बब्बू बच्चा उर्फ आसिफ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना मिलकखानम पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मिलकखानम पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बब्बू बच्चा उर्फ आसिफ निवासी बजरिया खास श्यामा थाना गंज जनपद रामपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद हाथरस/थाना हाथरस गेट

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 70 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 06.04.2025 को थाना हाथरस गेट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर किंदोली नगर के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–राहुल घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विवेक सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 70 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.02.2025 को थाना हाथरस गेट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल निवासी जाटवाट खुर्द कस्बा मेण्डू थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस।

2–विवेक निवासी जोगियान कस्बा मेण्डू थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1–लूट के 70 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद औरैया/थाना कोतवाली औरैया

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 12 हजार 90 रूपये नगद**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 06.04.2025 को थाना कोतवाली औरैया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जालौन रोड एवरग्रीन होटल के पास से 03 अभियुक्तों 1–मानवेन्द्र 2–प्रद्युम 3–सिहरण उर्फ गड्डू को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 12 हजार 90 रूपये नगद, लूट का 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.03.2025 को थाना कोतवाली औरैया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली औरैया पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया, मोबाइल फोन लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली औरैया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–मानवेन्द्र निवासी न्यू प्रेमगंज सीपरी बाजार थाना सीपरी जनपद झाँसी।

2–प्रद्युम निवासी मोहब्बतपुर थाना कुठौन्द जनपद जालौन।

3–सिहरण उर्फ गड्डू निवासी शहजादेपुर थाना कुठौन्द जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1—लूट के 12 हजार 90 रूपये नगद।

2—लूट का 01 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद महोबा/थाना पनवाड़ी**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 34 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 06.04.2025 को थाना पनवाड़ी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गुगौरा सड़क ग्राम गुगौरा के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सुशील घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—प्रकाश 3—दिलीप उर्फ दीपू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 34 हजार रूपये नगद, चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सुशील के विरूद्ध जनपद महोबा के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग, अभियुक्त प्रकाश के विरूद्ध जनपद महोबा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आबकारी एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू के विरूद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना पनवाडी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुशील निवासी ग्राम गोरखा थाना चरखारी जनपद महोबा।

2—प्रकाश निवासी मुढारी थाना कुलपहाड़।

3—दिलीप उर्फ दीपू निवासी नटर्रा थाना चरखारी जनपद महोबा।

**बरामदगी**

1—चोरी के 34 हजार रूपये नगद।

2—चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण।

3—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बरेली/थाना कोतवाली

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 दो पहिया वाहन**
- **चोरी की मोटर साइकिल के इंजन व पार्टस आदि**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 05/06.04.2025 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इस्लामिया ग्राउण्ड के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त तस्लीम उर्फ मुन्ना घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—इमरान 3—तौकीब सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 दो पहिया वाहन, चोरी की मोटर साइकिल के इंजन व पार्टस आदि, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त तस्लीम उर्फ मुन्ना व इमरान के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 10–10 अभियोग एवं अभियुक्त तौकीब के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–तस्लीम उर्फ मुन्ना निवासी रबडी टोला थाना बारादरी जनपद बरेली।

2–इमरान निवासी फरीदाबाद चौधरी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

3–तौकीब निवासी परतापुर चौधरी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 दो पहिया वाहन।

2–चोरी की मोटर साइकिल के इंजन व पार्टस आदि।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद श्रावस्ती/थाना सिरसिया

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 45 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 05.04.2025 को थाना सिरसिया, क्राइम ब्रान्च व एसएसबी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुईया बार्डर के पास से अभियुक्त आमिर अहमद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 45 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सिरसिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आमिर अहमद निवासी आलकला थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–लगभग 45 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम।

2–01 मोबाइल फोन आदि।

————————